## सार-समाचार

### कांग्रेस की नुक्कड़ सभा आयोजित

**सादुलपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान ओर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशांनुसार रविवार को पूर्व विधायक डॉ कृष्णा पूनिया के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंडल स्तर कार्यक्रम में हरपालू, हमीरवास और चाँदगोठी गाँवों में नुक्कड सभाओं का आयोजन किया गया। शाम चार बजे दी जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक डॉ कृष्णा पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को नाम बदलने के नाम पर बंद करने का प्रयास किया जा रहा है, मनरेगा योजना में पहले राज्य सरकार को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान करना पडता था, अब नई योजना में राज्य सरकारों को 40 प्रतिशत राशि के भुगतान का प्रावधान किया है, इससे राज्य सरकारों पर बोझ बढेगा। मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को रोजगार देने का काम किया था। भाजपा सरकार के दो वर्ष बीत जाने बावजूद राजगढ में विकास के नाम की एक ईट भी नहीं लगी है, पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत काम भी अधूरे पडे है, आज राजगढ में बिजली और पानी, चिकित्सा व्यवस्था चरमराई हुई हैं, आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा सरकार को जनता सबक सिखाने का काम करेगी। देहात ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनिया ने कहा की भाजपा सरकार ने परिसीमन के नाम पंचायत समिति वार्डो को आमजन की सुविधा को न देखकर इधर-उधर जोड कर लोगों की परेशानी बढाने का काम किया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मानसिंह रेबारी, जिला परिषद प्रत्याशी रहे संजीव पूनिया डिंगली, मंडल अध्यक्ष प्रेम पूनिया, अमरसिंह सांगवान, सरपंच नरेश बालान रामपुरा, मंडल अध्यक्ष सोमबीर पूनिया, श्रीपाल डारा, मेवासिंह पूनिया, सजन पूनिया चांदगोठी, पुष्पा सिंघल, सज्जन भाकर, जसपाल, राजपाल पूनिया, अजीत श्योरण, राजवीर शर्मा, जितेन्द्र सहित ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य और सैंकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तबादला आदेशों की जांच की मांग, मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**चूरू** (निसं)। संस्कृत शिक्षा विभाग में हाल ही गलत तरीके से किए गए तबादला आदेशों का विरोध करते हुए राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इन तबादला आदेशों की जांच कराने की मांग की। संगठन के चूरू जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सुंडा ने बताया कि विभाग ने तबादलों के नाम पर संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत, किडनी, हार्ट, उदर, गठिया रोगियों, एकल महिला, दिव्यांग, सेवानिवृत्ति के करीब, विद्यालय में समर्पित भाव से काम करने वालों, भामाशाहों, प्रेरकों सहित अनेक शिक्षकों को बीच सत्र में तबादलों के नाम पर सुदूर 700 किलोमीटर तक लगाकर प्रताड़ित किया है, जो सजा और अव्यवस्था को इंगित करता है। संगठन ने इसकी निंदा करते हुये बताया कि बिना किसी नीति नियम से किए गए तबादलों की जांच करवाने, जिम्मेदारी तय करने व तबादला पीड़ितों के आदेश निरस्त करवा कर राहत प्रदान करने के लिए संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर समुचित कार्यवाही की मांग की। पत्र में यह भी लिखा कि बीच सत्र में किए गए तबादलों से संगठन में आक्रोश व्याप्त है। वहीं इस प्रकार से किए गए तबादलों से सरकार व संस्कृत शिक्षा विभाग की छवि खराब हो रही है। यदि तबादला पीड़ितों को राहत नहीं दी गई तो संगठन प्रदेश भर में लोकतांत्रिक तरीके से इस प्रकार के दमनकारी तबादलों का विरोध करेगा।

### कबड्डी महाकुंभ की तैयारियों को लेकर बैठक

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर में क्रीडा भारती द्वारा आयोजित होने वाले कबड्डी महाकुंभ की तैयारियों को लेकर रविवार को बनारसी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक बैठक हुई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल को बढावा देना और इसे कॉमनवेल्थ व ओलंपिक खेलों में शामिल करवाने की मुहिम को आगे बढाना है। बैठक की अध्यक्षता क्रीडा भारती के जिलाध्यक्ष प्राचार्य राजकुमार ने की। क्रीडा भारती के जिलामंत्री जुगल किशोर पूनिया ने बताया कि मातृशक्ति प्रांत प्रमुख गायत्री पूनिया की देखरेख में विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इन समितियों को प्रचार-प्रसार, मैदान व्यवस्था और जनसंपर्क जैसी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं टीमों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिए है। मातृशक्ति प्रांत प्रमुख गायत्री पूनिया ने जानकारी दी कि आज से कबड्डी टीमों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिए महिला अधिवक्ताओं व व्यापाररियो की टीम के रजिस्ट्रेशन किया गया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन मंगतूराम मोहता, बनारसी देवी प्राचार्य डॉ सुनीता, आई टी शैल के सुनील पूनिया, अध्यापक मनोज पूनिया, शैतान सिंह जाखड, मुस्ताक चौहान, जमील, प्राचार्य सुरेन्द्र पूनिया, गायत्री पूनिया, पवन कुमार प्रनियाँ, प्राचार्य उर्मिला व यासीन चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

### जन समस्याओं को लेकर नगर पालिका का घेराव आज

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे की विभिन्न जनसमस्याओं व वार्ड परिसीमन में अनियमितताओं को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा, कामगार समाज, भीम आर्मी, आरएलपी आदि संगठनों के द्वारा आज नगर पालिका का घेराव किया जाएगा। संगठनों ने सामूहिक बैठक में आरोप लगाया था कि परिसीमन के दौरान भारी हेराफेरी की गई है। एससी के वार्डों को काफी निशाना बनाते हुए तीन वार्डों को मिलाकर एक बना दिया गया है। जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। बताया गया कि पालिका द्वारा कई विकास कार्यों के वर्क आर्डर जारी नहीं किए जा रहे हैं वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में अब तक एक भी आवेदन स्वीकृत नहीं किया गया है। काफी जगहों पर सड़क ,नाली, झेकरा ग्रेवल रोड जैसी सुविधाओं से भी वंचित है। आरोप लगाया है कि पालिका में कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत से बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार काफी घोटाले हुए हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर आज नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

### छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दल रवाना

**सादुलपुर,** (निसं)। प्रातः 7 बजे कस्तूरबा गांधी राजकीय आवासीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना किया गया। यह दल एक दिवसीय टूर पर खाटू श्याम जीण माता हर्ष पर्वत व एक विज्ञान पार्क का भ्रमण अवलोकन करेंगा। रविवार सुबह 11 बजे मिली जानकारी के अनुसार भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रविवार प्रातः 7 बजे रवाना किया गया। इसी दौरान रमेश अत्री, व्यापार मंडल के पवन मोहता, पार्षद हैदर अली, शिक्षक संघ के मनोज पूनिया, प्राचार्य राजकुमार, राजकुमार हमीरवास तथा नोडल प्रधानाचार्य डॉ सुनीता पूनिया ने दल को रवाना किया। कुल दो स्लीपर बसों में 115 बालिकाएं गई है। इनके साथ भ्रमण दल में अध्यापिका मंजू कुमारी सुनीता, ताहिर, अख्तर, सुमन श्योराण, प्रियंका अनिता, प्रियंका आदि साथ गए। यह शिक्षाप्रद भ्रमण बालिकाओं के ज्ञानवर्धन में उपयोगी साबित होगा।

### आदिवासी सेवा संस्थान की बैठक आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। आदिवासी सेवा संस्थान के जिला कार्यालय में सोमवार को दोपहर बोरवैल एवं सोलर प्लांट स्थापना के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के महासचिव डॉ. कमल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनोज घुमरिया करेंगे। डॉ. मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में जिले सहित अन्य जिलों से भी आदिवासी जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य लोग शामिल होंगे। यह पहल संस्थान की ओर से स्वच्छ जल उपलब्धता और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की जाएगी तथा भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा।

### कृषक प्रशिक्षण दल रवाना

**झुंझुनूं,** (निसं)। रविवार को आत्मा योजनान्तर्गत अंतर राज्य कृषक प्रशिक्षण सात दिवसीय 30 कृषकों के प्रशिक्षण दल को आत्मा झुंझुनूं के परियोजना निदेशक एवं उप निदेशक कृषि शीशराम जाखड़ द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह दल 18 से 24 जनवरी तक हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों का दौरा करेगा। उप निदेशक कृषि आत्मा शीशराम जाखड़ ने बताया कि सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के दौरान कृषक उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र भारतीय कृषि अनुसंधान प्रशिक्षण, केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान गडसा कुल्लू हिमाचल प्रदेश में वैज्ञानिक विधि से पशुपालन प्राकृति खेती, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण की नवीनतम तकनीक, उन्नत हाईटेक बागवानी फल, फूल, सब्जी विपणन, जल एवं मृदा सरंक्षण, लॉ टनल, शैड नेट हाउस, पॉली हाउस, मधुमक्खी पालन, मूल्य संवर्धन, प्रसस्करण प्रबंधन एवं संरक्षित खेती विषयों पर उच्च स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# शिक्षाविद प्रो. डॉ. मूलचंद भारतेंदु हरिश्चंद्र अंतर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित

**चूरू** (निसं)। संस्कृत भाषा एवं देवनागरी लिपि के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए चूरू के राजकीय लोहिया महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मूल चन्द को भारतेंदु हरिश्चंद्र अंतर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देवनागरी फाउंडेशन भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी समिति के संयुक्त तत्वावधान में 15 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के राजेंद्र भवन, आई.टी.ओ. में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के रसाचार्य डॉ. आई. मेड धर्मयाशा, डॉ. सौरभ पांडेय (मानद कुलपति, जगत धर्म चक्रवर्ती धरा धाम विश्व सद्भाव पीठ), प्रो. देवेश कुमार मिश्रा (आचार्य संस्कृत) व मानविकी पीठ प्रमुख, इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी, दिल्ली, डॉ. नारायण यादव (निदेशक, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, श्रीलंका) ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनरल सर प्रो. डॉ. जसवीर सिंह (संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका के आधिकारिक प्रतिनिधि), इंद्रजीत शर्मा (अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद व हिंदी संवर्धक, न्यूयॉर्क), डॉ. शंभू पंवार, अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार डॉ. इस्लाम मलिक मवाना (उत्तर प्रदेश), देवनागरी फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुनील कुमार दुबे सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।


चूरू के राजकीय लोहिया महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मूल चन्द को भारतेंदु हरिश्चंद्र अंतर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत आचार्य डॉ. मंजीत सिंह दहिया लाखनमाजरा हरियाणा, डॉ. अरुण शर्मा, डॉ. कबीर (टाइगर) तथा डॉ. राकेश वशिष्ठ ने भी सहयोगी भूमिका निभाई।

प्रो. डॉ. मूल चन्द को सम्मान प्रदान करते हुए मुख्य अतिथियों ने उनके शैक्षिणक अनुसंधान, संस्कृत साहित्य के प्रति समर्पण तथा देवनागरी लिपि को वैश्विक पहचान दिलाने के अथक प्रयासों की सराहना की। उन्हें यह सम्मान शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य हेतु दिया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए प्रो. डॉ. मूलचंद ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल मेरा ही नहीं, बल्कि समस्त संस्कृत अनुयायियों और हिंदी सेवकों का सामूहिक सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें देवनागरी और संस्कृत की सेवा के लिए और अधिक ऊर्जा प्रदान करेगा।

लोहिया महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मंजू शर्मा ने डॉ. मूलचंद को इस अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए बधाई देते हुये कहा कि यह सम्मान महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। आपको बता दें कि प्रो. डॉ. मूलचन्द पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मानों से विभूषित हो चुके हैं और शिक्षा के क्षेत्र में संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में विद्वानों ने देवनागरी लिपि के ऐतिहासिक महत्व, वैश्विक संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण व प्रसार पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन सहज व प्रभावशाली ढंग से किया गया और यह देवनागरी भाषा-संस्कृति के उत्थान के प्रति समर्पित सभी प्रतिभागियों के लिए एक स्मरणीय व प्रेरणादायी आयोजन हुआ।

## ध्रुव व प्रहलाद चरित्र का वृतांत सुनाया

**राजलदेसर** (निसं)। भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 बरसी पर बगीची महंत सोमनाथ महाराज, संत सुरजीत नाथ महाराज के सान्निध्य में 5 कुंडिय अन्नपूर्णा रुद्र महायज्ञ व भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन की कथा में कथा वाचक नापासर के पंडित केदार जोशी ने ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र आदि का वर्णन किया। भरत चरित्र का वर्णन करते हुए यह बताया कि जो संसारी लोग संत का संग करते हैं। उनकी स्थिति उच्च हो जाती है, इसलिए संत को संसार के पदार्थों की आसक्ति से दूर रहना चाहिए। नरक का वर्णन करते हुए कहा कि जो हम पाप करते हैं वही एक प्रकार से नर्क की प्राप्ति कराने वाला होता है। पाप कर्म से बचना व तुच्छ कर्मों से बचना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

इस मौके पर संत प्रेमनाथ, संत काननाथ, संत नंदी नाथ, शिवालय पुजारी रामचंद्र, अर्जुन, महेश शर्मा यज्ञ यजमान हुणतनाथ सिद्ध, हीरानाथ सिद्ध बादडीया, मंगतमल नाई, रायचंद नाई, दामोदर शर्मा, मुनालाल प्रजापत, भागवत के यजमान गिद्धाराम सुथार सपत्नीक रहे। रविवार को यज्ञ में तीसरे दिन 16000 हजार आहुतियां दिव्या रूद्र अन्नपूर्णा माता महायज्ञ में विश्व कल्याण की मंगल कामना की।

## पानी और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अवलोकन किया

- ‘घटते भूजल स्तर को रोकने के लिए फसल उत्पादन की जगह बगीचा लगाना ही एकमात्र समाधान’

**चिड़ावा,** (निसं)। जल एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को समझने के लिए दो दिवसीय दौरे पर आए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली से आए विद्यार्थियों के दल द्वारा अवलोकन के क्रम में रविवार को जखोडा एवं गोविंदपुरा में रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान द्वारा चिडावा क्षेत्र में किए जा रहे पानी, पर्यावरण संरक्षण, समन्वित कृषि प्रणाली संबधी विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया एवं समझा। दौरे के दौरान छात्रों ने संस्थान के संस्थापक और प्रवासी उद्योगपति रघुहरि डालमिया के सान्निध्य में संस्थान की हुई पानी और पर्यावरण संबधित गतिविधियों को समझा और गोविंदपुरा के प्रगतिशील किसान हरिसिंह के बगीचे का अवलोकन किया। संस्थान के जल संसाधन एंव ग्रामीण विकास समन्वयक संजय शर्मा ने जखोड़ा गांव में दीवार पर जल से संबधित बनाई गई फड़ पेंटिग, सरकारी स्कूल साइट, बीपीएल परिवारों में कुंड-बागवानी गोविंदपुरा के स्कूल में बने वर्षा जल मॉडल, पुनर्भरण कूप इत्यादि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उन्होंने कार्यों में समाज की सहभागिता के बारे में बताया। साथ ही संस्थान कृषि समन्वयक शुबेंद्र भट्ट द्वारा सभी को जैविक कृषि, फल वृक्षों के बगीचों का अवलोकन करवाया। साथ ही भूजल का स्तर कम से कम गिर पाए इसके लिए कम सिंचाई वाली फसलों के बारे में जानकारी दी। संस्थान द्वारा लगाए गए फल वृक्षों के बगीचों के बारे में जानकारी दी व छात्रों को बताया कि घटते भूजल स्तर को रोकने के लिए फसल उत्पादन की जगह बगीचा लगाना ही एकमात्र समाधान है। इस अवसर पर संस्थान के कृषि एवं जल संसाधन क्षेत्रीय पर्यवेक्षक बलवानसिंह, सूरजभान रायला एवं आईआईटी दिल्ली से विद्यार्थियों का दल सहित अन्य प्रबुद्ध ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# गीता के बिना मनुष्य को गति और मुक्ति नहीं मिलती : सिंघानिया

**चूरू** (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता बाल प्रश्नोत्तरी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि अब बच्चों से रोजाना गीता के बारे में संवाद भी किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्याम भोजक, संजू शर्मा, मोहित सिंघानिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान माधुरी शर्मा व ममता शर्मा ने बच्चों को गजल गीत और संकीर्ण का अभ्यास करवाया। आचार्य निरंजन देव ने बच्चों को 12वें अध्याय का अभ्यास करवाया। नन्हीं दृष्टि ने पांच लोग का पाठ करवाया। इस अवसर पर संजय सिंघानिया ने कहा कि गीता के बिना मनुष्य को गति और मुक्ति नहीं मिलती। इस अवसर पर प्रमोद गौड व विजय लक्ष्मी ने चोटी रखने पर नकुल, विराट, भरत, सौरभ और रघुनंदन शर्मा को उपहार देकर सम्मानित किया। वैभव प्रजापत का जन्मदिन होने पर उनका भी सम्मान किया गया। प्रमोद गौड तथा निरंजन देव ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान रतनगढ़ की पूनम कंदोई ने गीता क्लासेज की सराहना करते हुये सभी का आभार व्यक्त किया।


स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में कार्यक्रम का शुभारम्भ श्याम भोजक, संजू शर्मा, मोहित सिंघानिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

# शिव कॉलोनी में कलश यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ा

**चूरू** (निसं)। स्थानीय शिव कॉलोनी के वार्ड 31-32 में चमत्कारी गोगामेड़ी गोरखधाम में 18 से 24 जनवरी 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आगाज रविवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुये कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बडी संख्या में उपस्थित महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई सबको सुशोभित कर रही थी। इस दौरान सजाई गई राधा-कृष्ण की झांकी सभी के आकर्षण का केन्द्र रही।

कलश यात्रा में मुख्य यजमान पवन कुमार सैनी पत्नि ललिता देवी के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर सुरेश कुमार भार्गव, हरिराम स्वामी, संजय कुमार, शेखर गुर्जर, मनोज सैनी, शक्ति सिंह, किशन प्रजापत, केशव शर्मा, विशाल सिंह, नैतिक सैनी, शिवराज सिंह, रणवीर गुर्जर, युवराज, प्रिंस सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने कथावाचक पवन प्रसाद शास्त्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक भगत पवन सैनी ने बताया कि कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर एक बजे से तीन बजे तक किया जायेगा।


श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन भव्य कलश यात्रा से हुआ।

## म्यूजिकल चेयर व फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिताओं से छाया उत्साह

**पाटन** (निसं)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस रविवार, 18 जनवरी 2026 को म्यूजिकल चेयर एवं फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता, सहभागिता और आत्मनिर्भरता की भावना का विकास करना रहा।एनएसएस प्रभारी किरण यादव ने बताया कि शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन, त्वरित निर्णय क्षमता एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का विकास हुआ। इसके पश्चात फ्लेमलेस कुकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बिना आग के पौष्टिक एवं सृजनात्मक व्यंजन तैयार किए।

इस गतिविधि का उद्देश्य पोषण, स्वच्छता, संसाधनों के उचित उपयोग एवं आत्मनिर्भरता के महत्व को समझाना रहा। स्वयंसेवकों ने अपने-अपने व्यंजनों की जानकारी देते हुए उनके पोषण मूल्य और उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।नशा मुक्ति अभियान की प्रभारी ज्योति शर्मा ने बताया कि फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता में 9 दलों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों द्वारा चाट मसाला, पोहा, केक, बर्फी भेलपुरी सहित अनेक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार किए गए। प्रतियोगिता में उमा जांगिड के दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सहायक आचार्य डॉ. सुमैया, शिक्षिका अनसूया जांगिड़ एवं दीपिका योगी शामिल रही।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारी बैठक में पोस्टर का विमोचन

**सीकर** (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के इस शताब्दी वर्ष के इस मोनी अमावस्या के शुभ पर्व पर संघ शताब्दी वर्ष को सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी बनाने एवं हिंदू जागरूकता के साथ ही व्यापकता बढ़ाने के उद्देश्य से संघ ने इस शताब्दी वर्ष में वर्षभर कुछ कार्यक्रमों की श्रृंखला तय की है।

समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक राष्ट्र हित की भावना का प्रसार किया जा सके जिसके निमित्त स्थापना दिवस के सौवें वर्ष में जिसमें पंच परिवर्तन :सामाजिक समरसता, नागरिक कत्तर्व्य, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का बोध के साथ ही आज तीसरे कार्यक्रम विराट हिंदू सम्मेलन जो कि जनवरी-फरवरी माह में तय हैं, जो कि शहरों में प्रत्येक बस्ती स्तर पर एवं ग्रामीण स्तर पर 8-10 छोटे गाँव मिलकर मण्डल स्तर पर आयोजित किये जायेंगे।

निमित सीकर के वीर सावरकर बस्ती के उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर माथुर बस्ती में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष के तीसरे बड़े उत्सव विराट हिन्दू सम्मेलन के उपलक्ष पर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी के लिए आयोजन मंडल के गठन की बैठक आयोजित की गई।

आयोजन समिति का गठन में अध्यक्ष पद के लिए अध्यक्ष सर्वसम्मति से शंकर सिंह जी उगरावत (अध्यक्ष रावणा राजपूत सभा समिती)को चुना गया जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर रविन्द्र धाबाई को एवं कोषाध्यक्ष निर्मल जी शर्मा तथा सहकोषाध्यक्ष हनुमान सिंह जी दीक्षित एवं सचिव उदेश जी घासोलिया को चुना गया इसके साथ ही सह सचिव, संयुक्त सचिव प्रचार एवं मीडिया टोली तथा कार्यकारिणी सदस्य निर्धारित किए गए संयुक्त सचिव सचिन शर्मा के द्वारा यह बताया गया कि आगामी फरवरी माह के प्रथम रविवार 8 फरवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से रानी सतीमंदिर पुलिस चौकी के सामने आयोजन स्थल पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

सचिव उदेश घासोलिया ने कार्यक्रम की रूप रेखा एवं सुझाव आमंत्रित किए बैठक में अध्यक्ष के साथ ही बैठक में नवरंग शर्मा एवं नगर कार्यवाहक महेश गोयल एवं सहकार्यवाहक श्रीकांत शर्मा ने सहयोगी भूमिका निभाई।

# मनरेगा में विभिन्न खामियों को दूर करने की मांग, विरोध प्रदर्शन किया

**चूरू** (निसं)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र चूरू के ग्राम पंचायत सोमासी में मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में रविवार को आंशिक श्रमदान कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर मनरेगा श्रमिकों से संवाद करते हुये मुस्ताक खान ने कहा कि मनरेगा कानून में संशोधन कर उसे बंद करने का प्रयास किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस दौरान जिन श्रमिकों की आयु 65 वर्ष से अधिक है और उन्होंने मनरेगा में पंद्रह वर्ष से अधिक समय तक कार्य कर रहे हैं, उनकी पेंशन लागू करने की मांग की गई। खान ने बताया कि मनरेगा में अधिकांश श्रमिक महिलाएं है और मनरेगा कार्यस्थल की दूरी तीन किलोमीटर से अधिक है, वहां सरकार को वाहन की व्यवस्था करनी चाहिए।

यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो पूरे देश में मनरेगा मजदूर क्रांति के रूप में जन आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान पार्षद अंजनी शर्मा ने कहा कि जिन मेटो को मनरेगा में पांच वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, उनका स्थायीकरण होना चाहिए।

इस अवसर पर पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, छात्र नेता पुलकित चौधरी, गोपी राम ढूकिया, जगदीश लुहार, नौरंगाराम पूनिया, कमल मेहरा, शिव करण सूंडा, इंद्राज नायक, विजय कुमार, कुलदीप लोट, विजय ढूकिया, हरीश पूनिया, महेश मेहरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में आंशिक श्रमदान कर विरोध प्रदर्शन किया गया।